भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †819

उत्तर देने की तारीख- 04/12/2025

वीसीएफ-एसटी योजना के अंतर्गत लाभार्थी

†819. श्री के.ई.प्रकाश:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनुसूचित जनजातियों के लिए उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफ-एसटी) योजना के अन्तर्गत इसकी शुरूआत से लेकर अब तक राज्य-वार कितने लाभार्थियों को सहायता प्राप्त हुई है;

(ख) प्रत्येक राज्य में समर्थित स्टार्ट-अप अथवा उद्यमशील परियोजनाओं तथा वीसीएफ-एसटी के अंतर्गत स्वीकृत वित्तीय सहायता की राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इसी अवधि के दौरान तमिलनाडु के कितने लाभार्थियों को वीसीएफ-एसटी के अंतर्गत मदद मिली है; और

(घ) तमिलनाडु के लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है, उन्हें किस प्रकार के स्टार्ट-अप या उद्यमशीलता उद्यम को समर्थन दिया गया है और प्रत्येक परियोजना के लिए जिला-वार स्वीकृत वित्तीय सहायता कितनी है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख): अनुसूचित जनजातियों के लिए उद्यम पूंजी निवेश (वीसीएफ-एसटी) योजना के अंतर्गत इसकी शुरूआत से लेकर अब तक सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का राज्य-वार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	राज्य	लाभार्थी	स्वीकृत वित्तीय सहायता की राशि (करोड़ रुपये में)
1	छत्तीसगढ़	हेमल फ़ूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड	3.41
2	तेलंगाना	हार्लेज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	5.00

(ग) और (घ): आज की तिथि तक वीसीएफ-एसटी योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य से कोई लाभार्थी नहीं है।

*****